भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद् में हिन्दी सप्ताह का आयोजन

हिन्दी के प्रचार–प्रसार हेतु भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद् में दिनांक 07 से 14 सितम्बर 2017 तक हिन्दी सप्ताह समारोह आयोजित किया गया। दिनांक 14 सितम्बर 2017 को भा.वा.अ.शि.प. के सभागार में स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता के साथ समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. सुरेश गैरोला, महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. सुरेश गैरोला, महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प. ने कहा कि हम सभी हिन्दी को भली भांति जानते हैं और शासकीय कार्यों में इसके कार्यान्वयन के लिए केवल मजबूत इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। उन्होने जोर देते हुआ कहा कि राजभाषा का कार्यान्वयन हमारी राष्ट्रीय जिम्मेदारी है।

श्री विपिन चौधरी, उप महानिदेशक (विस्तार) ने स्वागत भाषण के दौरान राजभाषा हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हिन्दी सप्ताह के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं का विवरण देते हुए बताया कि इस वर्ष हिन्दी सप्ताह के दौरान 7 प्रतियोगिताएं यथा, टिप्पण लेखन, निबंध, अंग्रेजी से हिन्दी अनुवाद, कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण, वाद–विवाद, राजभाषा हिन्दी प्रश्नोत्तरी (क्विज) एवं स्वरचित हिन्दी काव्यपाठ आयोजित की गईं, जिनमें कुल 63 प्रतिभागियों ने अत्यंत उत्साह से भाग लिया। उन्होने सूचित किया कि भा.वा.अ.शि.प. राजभाषा पुरस्कारों के अंतर्गत 'क' क्षेत्र स्थित उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर को तथा 'ग' क्षेत्र स्थित काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बंगलुरू को हिन्दी कार्यान्वयन में उत्कृष्ट कार्य के लिए वर्ष 2016–17 का राजभाषा पुरस्कार दिया गया। मुख्यालय में कार्मिकों को दिए जाने वाला पुरस्कार श्री अनिल रावत, उच्च श्रेणी लिपिक, लेखा कार्यालय, प्रशासन निदेशालय, भा.वा.अ.शि.प. को दिया गया।

स्वागत भाषण के उपरांत हिन्दी दिवस 2017 के अवसर पर माननीय गृह मंत्री जी, भारत सरकार के संदेश को श्री रमाकान्त मिश्र, वैज्ञानिक – 'बी', मीडिया एवं विस्तार प्रभाग द्वारा पढ़ा गया। तदुपरांत, स्वरचित काव्यपाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । काव्यपाठ के उपरांत एक सुमधुर संगीतमय कार्यक्रम 'सुर संगम' का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि डॉ. सुरेश गैरोला, महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प. के करकमलों द्वारा पुरस्कार प्रदान किये गये।

समारोह का समापन श्री वी.आर.एस. रावत, सहायक महानिदेशक (मीडिया एवं विस्तार) द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। समापन समारोह में लगभग 100 अधिकारी/वैज्ञानिक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।